Hindi Grade 11

# Model Test Paper 15

## Paper 1 — Composition (1½ hours)

## Answer one question from Section A and one question from Section B

### Section A — Letter, Report / Speech, Dialogue

**From the topics listed below, write one composition of about 120 words in Hindi. It will be to your advantage to keep to the recommended length.**

1. एक सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में अपनी पाठशाला का प्रतिनिधित्व करने के लिए आपको चुना गया है। आपको एक दोस्त को उस टीम में शामिल करने के लिए चुनना है। अपने मित्र/अपनी सहेली को अपनी टीम में शामिल होने के लिए आमंत्रित कीजिए। आपका नाम संजय/सोनाली है और पता है पार्क एवन्यू, पोर्ट लुई। आप पत्र में यह भी लिखिए कि प्रतियोगिता कब और कहाँ होगी और प्रतियोगिता में घोषित इनामों के बारे में भी लिखिए।

   (You have been chosen to represent your school in a general knowledge competition. You must choose one friend to be in your team. Write a letter to your friend inviting him/her to be in your team. Your name is Sanjay/Sonali and your address is Park Avenue, Port Louis. You must also include in your letter, when and where the competition will take place and details of the prizes announced.)

2. एक अध्यापक और एक ऐसे छात्र/ऐसी छात्रा के बीच वार्तालाप लिखिए जो अकसर अपना गृहकार्य पूरा नहीं करता/करती।

   (Write a conversation between a teacher and a pupil who frequently does not complete his/her homework.)

3. आपके पिताजी अपनी 60वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। एक स्वागत भाषण लिखिए जो उस अवसर पर मेहमानों के स्वागत के लिए आप अपने पिताजी की ओर से करेंगे।

   (Your father is celebrating his 60th birthday. Compose a speech you would like to deliver on behalf of your father to welcome the guests on that occasion.) (15)

## Section B — Essay

**From the topics listed below, write one essay of about 200 words in Hindi. It will be to your advantage to keep to the recommended length.**

1. एक घटना का वर्णन कीजिए जब आपको लगा था कि आपको बिना कारण डाँटा गया था।
   (Describe an incident when you felt you were scolded unjustly.)
2. क्या कम्प्यूटर खेल बच्चों के लिए लाभदायक होते हैं?
   (Are computer games advantageous for children?)
3. एक कहानी लिखिए जिसका अन्त इन शब्दों से हो: "बाहर निकल जाओ और फिर यहाँ दोबारा मत आना!" वह चिल्लाई।
   (Write a story which ends with the following words: "Get out now and never come here again!", she yelled.)
4. हाल ही में आपने जो संगीत का कार्यक्रम देखा उसका वर्णन कीजिए।
   (Give an account of a musical concert you have seen recently.)

(30)

## Paper 2

**Answer all questions.**

## Section A — Translation

**1. Translate into Hindi:**

Every Sunday evening, the most happening thing in the village was the dog fight, which drew heavy betting. Of all the fights, the fight between the two dogs owned by an old man was always the much awaited one. Both the dogs were too ferocious and no other dog stood a chance against them. The old man was always able to predict to his grandson, well before the fight, which of the two would win, and he was always right. "How do you know grandpa, which one would win?" The little one enquired. "Oh that's simple", replied the grandpa, "The one I feed right through week will always win over the one I starve through the week." After a pause, he added, "Two such dogs keep fighting inside all of us. One dog is evil and ugly and the other dog is beautiful and good." (20)



**2. Translate into English:**

जोज़फ कोलम्बस स्कूल टीम का 'सेन्टर फॉर्वड' था। रशीद सेन्ट्रल स्कूल टीम का 'सेन्टर फॉर्वड' था। दोनों ही लड़के अच्छे खिलाड़ी थे।

मैच शुरू होने के तीन दिन पहले रशीद को अपने माता-पिता के साथ, पास के एक शहर में शादी में जाना पड़ा। रशीद तो जाना नहीं चाहता था क्योंकि उसे हॉकी का अभ्यास छोड़ना पड़ता। किन्तु उसके माता-पिता उसे घर में अकेला नहीं छोड़ना चाहते थे। उन्होंने अपने साथ चलने के लिए उससे आग्रह किया। रशीद ने अपनी टीम के कप्तान को वचन दिया कि वह मैच के लिए समय पर आ जाएगा। कप्तान जानता था कि रशीद अपनी टीम को निराश नहीं होने देगा। इसलिए रशीद के जाने से वह नहीं घबराया।

## Section B — Comprehension

**Do not translate the passage below. First read it carefully and then answer briefly, in Hindi, the questions that follow.**

उमाकान्त सैर करके लौटे थे और आज के पत्र के लिए सम्पादकीय लेख लिखने की चिन्ता में बैठे हुए थे; पर मन पक्षी की भाँति अभी उड़ा-उड़ा फिरता था। उनकी धर्मपत्नी ने रात में उन्हें कुछ ऐसी बातें कह डाली थीं जो अभी तक काँटों की तरह चुभ रही थीं। उन्हें कोई दरिद्र कह ले, अभागा कह ले, बुद्धू कह ले, वह जरा भी बुरा न मानते थे; लेकिन यह कहना कि उनमें पुरुषत्व नहीं है, यह उनके लिए असह्य था और फिर उनकी पत्नी को यह कहने का क्या हक है? उससे तो यह आशा की जाती है कि कोई इस तरह का आक्षेप करे, तो उसका मुँह बंद कर दे। बेशक वे ऐसी खबरें नहीं छापते, ऐसी टिप्पणियाँ नहीं करते कि सिर पर कोई आफ़त आ जाए। फूँक-फूँककर कदम रखते हैं। इन काले कानूनों के युग में वह और कर ही क्या सकते हैं; मगर वह क्यों साँप की बिल में हाथ नहीं डालते? इसीलिए तो कि उनके घरवालों को कष्ट न उठाने पड़ें और उनकी सहिष्णुता का उन्हें यह पुरस्कार मिल रहा है? क्या अंधेर है! उनके पास रुपए नहीं हैं, तो रेशमी साड़ी कैसे मँगा दें? डॉक्टर सेठ और प्रोफेसर शर्मा और न जाने किन-किन की स्त्रियाँ रेशमी साड़ी पहनती हैं, तो वे क्या करें? क्यों उनकी पत्नी इन रेशमी साड़ीवालियों को अपनी सूती साड़ी से लज्जित नहीं करती? उनकी खुद तो यह आदत है कि किसी बड़े आदमी से मिलने जाते हैं, तो मोटे से मोटे कपड़े पहन लेते हैं और कोई कुछ आलोचना करे तो उसका मुँहतोड़ जवाब देने को तैयार रहते हैं।

उनकी पत्नी में क्यों वही आत्माभिमान नहीं है? वह क्यों दूसरों का ठाट-बाट देखकर विचलित हो जाती है? उसे समझना चाहिए कि वह एक देश-भक्त पुरुष की पत्नी है।

**Answer the following questions in complete Hindi sentences, in your own words.**

3. उमाकान्तजी काम में ध्यान क्यों नहीं लगा पा रहे थे? [3]
4. उनके बारे में उनकी पत्नी का क्या कहना था? [2]
5. उमाकान्तजी क्यों फूँक-फूँककर कदम रखते हैं? [3]
6. उमाकान्तजी की पत्नी किस चीज़ की माँग कर रही थी? [2]
7. यदि कोई उमाकान्तजी की आलोचना करता है तो उनकी क्या प्रतिक्रिया होती है? [3]
8. उमाकान्तजी में ऐसा कौन सा गुण है जो उनकी पत्नी में नहीं? [3]
9. किन्हीं तीन रेखांकित शब्दों के अर्थ स्पष्ट कीजिए। [6]
10. किन्हीं तीन शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए:- [3]

    दरिद्र, आफ़त, कष्ट, पुरस्कार, लज्जित।